डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 240 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 16 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया

श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



रात में थानो पर पहुंचे अधिकारी...

## एसपी-एएसपी से लेकर अन्य अधिकारियों ने देखी व्यवस्थाएं

**मंदसौर, 15 जून गुरु एक्सप्रेस।** एसपी अभिषेक आनंद से लेकर एएसपी सहित अन्य राजत्रित अधिकारियों ने जिले के अलग -अलग थानों का शनिवार-रविवार की दरमियानी रात औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, रिकॉर्ड रूम, बंदी गृह, जरायम रजिस्टर एवम थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किया एवम ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी- कर्मचारी से चर्चा की तथा निरीक्षण के दौरान मिली कमियों में सुधार के लिए निर्देशित किया गया।

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने नई आबादी और दलौदा थाने का निरीक्षण किया। यहां जिन जगहों पर कमियां नजर आई, उसमें तत्काल सुधार के लिए निर्देशित किया गया। वहीं एएसपी गौतम सोलंकी द्वारा अनुभाग के थाना नई आबादी एवं भावगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, बंदी गृह, जरायम, रिकॉर्ड रजिस्टर एवं थाने की व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य निरीक्षण किए गये एवं सुधार हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ अनुभाग श्रीमती हेमलता कुरील द्वारा अपने अनुभाग के सुवासरा एवं भानपुरा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालखाने, बंदी गृह, जरायम, रिकॉर्ड रजिस्टर एवं थाने की व्यवस्थाओं से संबंधित अन्य निरीक्षण किए गये एवं सुधार हेतु संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

**इन थानों पर पहुंचे अधिकारी...**

नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर सतनाम सिंह द्वारा अपने अनुभाग के थाना वायडी नगर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान थाने के रिकॉर्ड रजिस्टर, जरायम, बंदी गृह, मालखाने का निरीक्षण करते सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी द्वारा अपने अनुभाग के थाने पिपलियामंडी का औचक निरीक्षण किया गया, थाने के रिकॉर्ड रजिस्टर, मालखाने की जांच कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति द्वारा अपने अनुभाग के थाना सीतामऊ का औचक निरीक्षण किया गया तथा थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव द्वारा अपने अनुभाग के थाना गरोठ एवं गांधीसागर का औचक निरीक्षण किया तथा थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लेते संबंधित थाना प्रभारी को सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## स्पेशल डीजी ने फील्ड अफसरों को दिए निर्देश

### अधिकारियो के कार्यालयो में जमे रीडर-स्टेनो भी नपेंगे

**मंदसौर, 15 जून गुरु एक्सप्रेस।** चार साल या इससे ज्यादा समय से एक ही थाने या संभाग में पदस्थ सिपाही से लेकर एसआई तक को बदलने की कवायद के बीच अब पुलिस दफ्तरों में लंबे समय से काम कर रहे कर्मचारियों को भी हटाने के निर्देश जारी हो गए हैं। इनमें ऐसे कर्मचारी शामिल हैं, जो रीडर या स्टेनो के तौर पर आईजी, डीआईजी, एसपी, एएसपी, एसडीओपी कार्यालयों में काफी वक्त गुजार चुके हैं। डीजीपी कैलाश मकवाणा के अनुमोदन के बाद पुलिस मुख्यालय की प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार ने ये निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में इस आशंका से इनकार नहीं किया है कि लंबी समयावधि से एक ही स्थान पर काम करने से कर्मचारी का लगाव उसी स्थान पर हो जाता है।

## पत्थर से पहुंचाई चोंट, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 जून गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में पत्थर से वार कर चोंट पहुंचाई। पुलिस ने केस दर्ज किया। भैंसाखेड़ा निवासी गोपाल पिता हीरालाल गौड़ ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि परिवार का करणसिंह शराब के नशे में मेरी काकी लक्ष्मीबाई को घरेलू विवाद में गालियां दे रहा था। उसने काकी के साथ धक्का-मुक्की की, जिससे उसे चोंट आई। मैंने बीच-बचाव किया तो मेरे साथ मारपीट की व पत्थर से से मारी, जिससे पांव पर चोंट आई। पुलिस ने करणसिंह पर केस दर्ज किया।

# नमकीन ने शराब को पीछे छोड़ा



## कहां है प्रशासन... अनकंट्रोल हुआ नमकीन..!

### दाल भी 65 के अंदर पहुंची, तेल भी नियंत्रण में, फिर भी 240 रुपए किलो नमकीन

**मंदसौर, 15 जून गुरु एक्सप्रेस। एमआरपी से ज्यादा में शराब बिकने को लेकर कई बार आबकारी विभाग पर सवाल खड़े होते हैं। शराब के महंगे और मनमाने दामों को लेकर कांग्रेस भी हो हल्ल करती है। करोड़ो के ठेके और फिर भी मुनाफा तो कहीं न कहीं शराब के धंधे में अंधी कमाई मानी जाती है। लेकिन, मंदसौर में नमकीन के धंधे ने शराब को पीछे छोड़ दिया। जहां तेल के दाम 170 रुपए लीटर तक पहुंच गए थे, तो चना दाल के भाव 85 रुपए किलो हो गए थे। तब भी नमकीन के भाव 200-240रुपए किलो थे। वहीं वर्तमान में भी भाव यही है। इधर बात करें प्रशासन की तो अधिकारियों ने कभी इस और ध्यान नहीं दिया!**

**ऐसे जानें पूरा गणित...**

माहेश्वरी स्कूल समिति अर्थात माहेश्वरी संघे के सचिव और समाजसेवी कृष्णकुमार जाखेटिया से इस संबंध में बात की। जिससे नमकीन का गणित आसानी से समझा जा सकता है। केके जाखेटिया ने बताया कि समाज में दीपावली जैसे विशेष पर्वो पर नमकीन तैयार किया जाता है। जिसमें बेहतर से बेहतर क्वालिटी का तेल और चना दाल का बेसन का उपयोग किया जाता है। इसमें शुद्धता के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसे डेढ़ सौ रुपए किलो समाज के लोगों को दिया जाता है। इसमें लागत मूल्य भी आसानी से निकल जाती है और मुनाफा भी होता है। श्री जाखेटिया ने बताया कि नमकीन के भाव का गणित तेल के प्रति किलो मूल्य के हिसाब से चलता है। अगर एकसौ रुपए किलो तेल है तो नमकीन एक सौ रुपए किलो बेचने पर लागत के साथ लाभ भी मिल जाता है। मतलब साफ है कि जहां समाज में बनने वाला नमकीन तेल और बेसन की आसमान छूती किमत में भी डेढ सौ रुपए बेचा जाता है तो वर्तमानमें अब जब तेल और चना दाल के भाव नियंत्रण में है तो नमकीन के दाम आसमान पर क्यों है?

**अब जानें दुकान पर बनने वाले नमकीन का गणित...**

वर्तमान में बात करें तो 200-240 रुपए किलो तक नमकीन बिक रहा है। सोयाबीन तेल की बात करें तो इसके भाव 115 रुपए लीटर है तो वहीं चना दाल के भाव भी 65 रुपए किलो तक पहुंच गए है। तेल के गणित के हिसाब से नमकीन का भाव 115 रुपए किलो होना चाहिए। अब तक दुकानदार लेबर चार्ज का रोना रोते थे। लेकिन, अब मशीनों से नमकीन तैयार हो रहा है। मतलब लेबर चार्ज देने की जरुरत नहीं हो रही। मतलब कुछ समय पहले लेबर चार्ज, 170 रुपए किलो तेल और 85 रुपए किलो चना दाल के समय नमकीन ढाई सौ रुपए किलो कई दुकानदारों ने बेचा। वर्तमान में दाम नियंत्रण होने के बाद भी नमकीन के दाम नियंत्रण में नहीं है।

**शुद्धता और गुणवत्ता पर सवाल...**

अब बात करें शुद्धता और गुणवत्ता की तो दामों से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तेल और बेसन के भाव 60 प्रश तक ज्यादा थे। उस समय भी इसी दाम पर नमकीन बेचा जा रहा था। ऐसा तो नहीं है कि दुकानदार घाटा खाकर समाजसेवा कर रहे थे। अगर वर्तमान में नमकीन में ठीक ठाक ही कमाई है तो कोरोनाकाल हो या उसके बाद तेल और बेसन पर महंगाई की मार का समय, तब मिलावटखोरी की गई थी। सूत्रों के अनुसार मिलावटखोरी का काम अभी भी जारी है। अभी भी कई जगह 110 रुपए किलो नमकीन बेचा जा रहा है। जो ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर 180-200 रुपए किलो तक हो रहा है। तो कहीं न कहीं नमकीन का गणित लूटमार और मिलावटखोरी को की और संकेत कर रहा है।

## पशु व्यापारी पर चाकू से हमला, दो पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 जून गुरु एक्सप्रेस।** पशु व्यापारी से मारपीट कर चाकू से हमला कर कान की कडिया व नकदी छिनने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। घायल व्यापारी को मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। खड़पालिया (नारायणगढ) निवासी दनलाल पिता किशनलाल गाड़ी लौहार ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं भैंस खरीदने-बेचने का व्यापार करता हूं। मेरे मोबाइल पर भैंस खरीदने के लिए कॉल किया और मुझे बांसखेडी गांव के बाहर मगराना मार्ग पर हनुमान मंदिर के आगे कच्चे रास्ते पर बुलाया। वहां पेड के नीचे बेठा था इसी दौरान दो व्यक्ति आए मेरे गले से लिपटे गमछे से मेरा सिर लपेटकर मारपीट की, चाकू से वार किया, जिसे मेरी हथेली कट गई। बाद में दोनों आरोपी भाग निकले। परिजनों को सूचना देकर बुलाया, जिन्होंने मुझे मंदसौर निजी अस्पताल भर्ती कराया। दोनों ने मेरे गले का ताबिज, कान की कडिया, छिन लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया।

सोश्यल मीडिया से लेकर चौपाल तक एक ही चर्चा...

## नाहरगढ़ थाने का शुद्धिकरण जरुरी..?

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 15 जून गुरु एक्सप्रेस। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने जब से जिले की कमान संभाली है। लगातार हो रही घटना तथा दुर्घटना को लेकर गंभीर और चिंतित भी दिखाई देते हैं। जिसके फलस्वरूप लगातार जिले में ताबड़तो ड़ कारवाई भी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता एक ईमानदार पुलिस कप्तान के रूप में देखती है। परंतु नाहरगढ़ थाने के जिम्मेदार अधिकारी और आरक्षक उनके विपरीत चलते है। लंबे समय बाद ऐसे जिले को ऐसे कप्तान मिले हैं। जिन पर जनता गर्व करती हैं। किंतु नाहरगढ़ थाने में सब उलट फेर हैं।**

क्षेत्र की जनता को बीट प्रभारी से लेकर टीआई तक असमंजस की स्थिति में दिखते है। नाहरगढ़ थाने पर आरक्षकों के पास सरकारी सीम के अलावा तीन से चार मोबाइल और कई प्राइवेट सीम की चर्चा जोरों पर है? क्या इनके तस्करों से भी अवैध संबंध है?नीला कागज दिखे बगैर इनके पैर भी नहीं चलते हैं। कोई तो राजनीति का दम भरता है। कोई संघ तथा अन्य संगठन के दम पर उछलकूद करते है? धरातल की स्थिति देखी जाए तो पूरे नाहरगढ़ थाने की स्थिति काफी विकट है। जनता एक ही मांग को लेकर चौपाल से लेकर सोशल मीडिया तक एक्टिव है। सभी की मांग है कि पूरे थाने का शुद्धिकरण होना चाहिए। अब देखना है कि जिले के पुलिस कप्तान, जिन्होंने सरकार का ही नहीं पुलिस का भी मान बढ़ाया है। नाहरगढ़ थाने के शुद्धिकरण को लेकर क्या रूप रेखा तैयार करते हैं। आमजन भी टकटकी निगाहों से पुलिस कप्तान की ओर देख रही है। कई आरक्षक तथा बीट प्रभारियों को ट्रांसफर की चर्चा को लेकर राजनीति नेताओं पास कमर झुकाकर प्रार्थना करते भी देखा जारहा है..?

## फरार सायबर अपराधी विदिशा से गिरफ्तार

### महिला की अश्लील फोटो का कोलाज बनाकर वायरल करने की दी थी धमकी

**नीमच, 15 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले की रतनगढ़ पुलिस ने सायबर ट्रैकिंग की मदद से सवा साल से फरार चल रहे आरोपी को विदिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी लक्ष्मण उम्र 26 वर्ष ने एक महिला की फोटो से अश्लील कोलाज बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर वायरल करने की धमकी दी थी।



पीड़िता ने 12 फरवरी 2024 को रतनगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि एक युवक ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील फोटो भेजी। आरोपी ने मोबाइल नंबर 9329466828 से धमकी दी कि अगर बातचीत नहीं की तो फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 469, 507 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी वीरेंद्र झा और उनकी टीम ने तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से आरोपी का पता लगाया। आरोपी ग्राम इमलानी थाना सिरोंज, जिला विदिशा का रहने वाला है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जैल भेज दिया गया है।

फालोअप

## ऑनलाइन सट्टा गिरोह का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### 15 लाख का ट्रांजेक्शन मोबाईल में मिला

**गरोठ, 15 जून गुरु एक्सप्रेस। अवैध सट्टेबाजी के गिरोह का मास्टरमाइंड रईस पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। शुक्रवार को बोलिया में छापेमारी के दौरान चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शनिवार रात रईस को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि गिरोह के सदस्य लोगों को दस गुना लाभ का प्रलोभन देकर यूपीआई के जरिए पैसे जमा करवाते थे और उन पैसों का इस्तेमाल सट्टेबाजी में करते थे। तीन खातों में डेढ़ करोड़ की सट्टा पर्ची के साथ 10 से 15 लाख रुपए के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली है।**

**2.09 लाख रुपए का सामान जप्त...**

पुलिस ने बोलिया की नई आबादी में इमरान के मकान से 7 हजार 230 रुपए नकद, 1.51 करोड़ रुपए के सट्टा अंक के 13 बंडल, 15 मोबाइल, 5 कैलकुलेटर, 4 सट्टा पर्ची और चार हिसाब डायरी जब्त की हैं। जब्त सामान की कीमत लगभग 2.09 लाख रुपए है। पहले चरण में पिपलिया मंडी निवासी जसवंत सिंह, बोलिया निवासी साहिल, नीमच निवासी सुलेमान और झालावाड़ निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया गया था। सुलेमान अपने पिता रईस के साथ मिलकर यह रैकेट चला रहा था। सभी पांच आरोपी सोमवार तक पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम, सट्टा अधिनियम और बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

अन्तिम यात्रा



अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है स्व.श्री सुभाषचन्द्र जी, स्व. श्री गोपालकृष्ण जी , स्व. श्री निर्मलकुमार जी व सत्यनारायण (नीमच )एवं किशोर (गोविन्द ) मण्डोवरा (जलगांव ) का सुपौत्र एवं संजय मण्डोवरा का सुपुत्र एवं राजेंद्र(नीमच) संदीप,उत्कर्ष (पिंटू) आशीष , हर्षल,सोमेश,एवं अंकित(टिंकू) का भतिजा एवं ऋषभ,चैतन्य (बाबू ), माधव,चैतन्य (जलगांव )व दक्षित का भाई

अंशुल ( बबन) मण्डोवरा

DKY का स्वर्गवास दिनांक 15 जून 2025 रविवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 16 जून 2025 सोमवार को प्रातः 9:00 बजे निज निवास स्थान :- 18 कैलाश नगर नई पानी की टंकी के पास किटयानी से शव वाहन द्वारा मुक्तिधाम जाएगी।

******** शोकाकुल ********

मण्डोवरा परिवार, D K Y मन्दसौर, मो-9425369223

# टेंकर में स्कीम बनाकर हो रही थी डोडाचूरा तस्करी

## 2 क्विंटल 7.5 किलो डोडाचूरा बरामद, एक गिरफ्तार, दो की तलाश

**गरोठ, 15 जून गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो क्विंटल से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। पानी के टेंकर में विशेष स्कीम बनाकर डोडाचूरा छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। डोडाचूरा सुवासरा से भरा गया था। वहीं इसे जोधपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले में दो और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिनकी तलाश जारी है।**









पुलिस ने बताया कि 14 एवं 15 जून की दरमियानी रात गरोठ थाना पुलिस को विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक बिना नंबर का नीले रंग का सोनालिका ट्रेक्टर, जिसके साथ पानी का टेंकर जुड़ा है, मेलखेड़ा की ओर से गरोठ-भानपुरा रोड होते हुए जोधपुर जाने वाला है। मुखबीर ने बताया कि उक्त टेंकर के अंदर विशेष स्कीम बनाकर मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर तस्करी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के निर्देशन में उप निरीक्षक एमएल चौहान सहित पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसने तत्परता से नाकाबंदी करते हुए वारनी फंटा मेलखेड़ा-गरोठ रोड पर संदिग्ध वाहन को रोका।

वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नेताराम पिता अर्जुनराम विश्नोई उम्र 30 वर्ष निवासी उदाणियों की ढाणी, सांवरीज थाना फलोदी, जिला जोधपुर (राजस्थान) बताया। टेंकर की तलाशी लेने पर पुलिस को टेंकर के ऊपरी भाग में दो अलग-अलग हिस्से बने मिले, जिसमें आगे के हिस्से में एक छुपी हुई स्कीम में 10 प्लास्टिक के कट्टों में डोडाचूरा भरकर रखा गया था। जबकि, दूसरा हिस्सा खाली छोड़ा गया था ताकि पहली नजर में टेंकर खाली प्रतीत हो। पुलिस ने जब कट्टों को बाहर निकालकर जांच की, तो उनमें कुल 2 क्विंटल 07 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा पाया गया। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 04 लाख 15 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से डोडाचूरा सहित ट्रेक्टर व टेंकर अनुमानित मूल्य 8 लाख रूपए को जब्त करते हुए आरोपी नेताराम को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह डोडाचूरा महेंद्र सिंह पिता रामसिंह, निवासी डूंगरखेड़ी, थाना सुवासरा से खरीदा था और इसे रामपाल पिता बाबूलाल विश्नोई निवासी भीमसागर थाना लोहावट जिला जोधपुर (राजस्थान) को पहुंचाना था। दोनों आरोपियों की तलाश जारी है।

बता दें कि इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि आरोपी ने तस्करी के लिए जिस पानी के टेंकर का उपयोग किया, उस पर कोई रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था और उसमें दो भाग बनाए गए थे। जिनमें से एक भाग पूरी तरह खाली छोड़ दिया गया था, ताकि पुलिस को भ्रमित किया जा सके। स्कीम इतनी सफाई से बनाई गई थी कि प्रथम दृष्ट्या कोई संदेह नहीं होता।

